दिनांकः 23.04.2026 समय : 18.30 पीएम

आकाषवाणी जयपुर–अजमेर

समाचार

- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा–सरकार, कृषि और खाद्य प्रसंस्करण के क्षेत्र में प्रदेश को अग्रणी बनाने के लिए प्रतिबद्ध।
- प्रदेश में गर्मी के तेवर तीखे हुए–आगामी तीन–चार दिन उत्तर–पश्चिम इलाकों में लू चलने की संभावना।
- राज्य सरकार ने हीटवेव से बचाव के लिए आमजन के वास्ते एडवाइज़री जारी की।
- लद्दाख में एक मई से भगवान बुद्ध के पवित्र अवशेषों की 15 दिन की प्रदर्शनी लगाई जाएगी।

000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा है कि सरकार राज्य को कृषि और खाद्य प्रसंस्करण के क्षेत्र में देशभर में अग्रणी बनाने के लिए प्रतिबद्धता के साथ काम कर रही है। श्री शर्मा आज नई दिल्ली में 'ग्लोबल राजस्थान एग्री–टेक मीट' यानी 'ग्राम–2026' के रोड–शो के तहत आयोजित एक कार्यक्रम में बोल रहे थे। उन्होंने बताया कि ग्राम–2026, आगामी 23 से 25 मई तक जयपुर में आयोजित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि किसानों की आय बढ़ाने के लिए फसलों के प्रसंस्करण और मूल्य संवर्धन पर जोर दिया जा रहा है। इसके लिए प्रदेश में 39 फूड पार्क विकसित किए जा रहे हैं और जल्द ही नई 'कृषि और खाद्य प्रसंस्करण नीति' लागू की जाएगी।

श्री शर्मा ने जानकारी दी कि राज्य के 24 जिलों में किसानों को दिन में बिजली देना शुरू कर दिया गया है और अगले साल तक पूरे प्रदेश में यह सुविधा मिलने लगेगी। उन्होंने पशुपालकों के लिए 'गोपाल क्रेडिट कार्ड' योजना का जिक्र करते हुए कहा कि इसके माध्यम से एक लाख रुपये तक का ब्याज मुक्त ऋण दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने निवेशकों और विशेषज्ञों को आमंत्रित करते हुए कहा कि आधुनिक तकनीक से राजस्थान का किसान समृद्ध बनेगा।

-------------

000

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा है कि शिक्षा केवल ज्ञान अर्जित करने का माध्यम नहीं है बल्कि समग्र व्यक्तित्व विकास और जीवन मूल्यों को समाहित करने की निरंतर प्रक्रिया भी है।

उन्होंने आज नई दिल्ली में एक निजी स्कूल के वार्षिक समारोह को संबोधित करते हुए ये बात कही। श्री बिरला ने कहा कि आज के बदलते युग में युवाओं के लिए यह आवश्यक है कि वे नवाचार, मूल सोच और प्रौद्योगिकी की दिशा में आगे बढें।

-------------

000

प्रदेश में गर्मी के तेवर लगातार तीखे होते जा रहे हैं। मौसम केंद्र जयपुर के अनुसार पिछले 24 घंटों के दौरान राज्य के कुछ हिस्सों में लू का प्रकोप रहा और रात भी काफी गर्म रहीं। श्रीगंगानगर 43 दशमलव 7 डिग्री सेल्सियस तापमान के साथ सबसे गर्म स्थान रहा। इसके अलावा पिलानी में 42 दशमलव 7, चित्तौड़गढ़ में 42 दशमलव 6, चूरू में 42 दशमलव 4 और कोटा में 42 दशमलव 1 डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान रिकॉर्ड किया गया। मौसम केंद्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि आने वाले दिनों में अधिकतम तापमान में 1 से 2 डिग्री सेल्सियस की और बढ़ोतरी होने की संभावना है।

-------------

प्रदेश में बढ़ती गर्मी और लू की स्थिति को देखते हुए राज्य सरकार ने आमजन की सुरक्षा के लिए एडवाइजरी जारी की है। आपदा प्रबंधन विभाग की उपशासन सचिव शैफाली कुशवाहा ने बताया कि नागरिकों को सलाह दी गई है कि वे धूप में निकलते समय सूती कपड़े पहनें, सिर ढककर रखें और

ओआरएस, लस्सी तथा नींबू पानी जैसे तरल पदार्थों का अधिक सेवन करें। विभाग ने बच्चों, बुजुर्गों और गर्भवती महिलाओं का विशेष ध्यान रखने की अपील की है।

नियोक्ताओं को निर्देश दिए गए हैं कि वे कार्यस्थलों पर छाया और ठंडे पानी का प्रबंध करें तथा भारी श्रम वाले कार्य सुबह या शाम के समय ही कराएं।

इस बीच, पशुपालन और डेयरी मंत्री जोराराम कुमावत ने भी बढ़ती गर्मी को देखते हुए पशुपालकों से पशुधन की सुरक्षा के प्रति जागरूक रहने की अपील की है। उन्होंने विभाग को भी निर्देश दिए हैं कि पशुओं के पोषण और स्वास्थ्य रक्षा के लिए सभी जरूरी प्रबंध किए जाएं। श्री कुमावत ने कहा कि लू और तापघात के कारण पशुओं की रोग प्रतिरोधक क्षमता और दुग्ध उत्पादन पर प्रतिकूल असर पड़ता है, जिससे पशुपालकों को आर्थिक नुकसान हो सकता है। विभाग के प्रमुख शासन सचिव विकास सीताराम भाले ने पशुओं को गर्मी से बचाने के लिए जागरूकता अभियान चलाए जाने के निर्देश दिये हैं।

000

लद्दाख में आगामी एक से पंद्रह मई तक भगवान बुद्ध के पवित्र अवशेषों की प्रदर्शनी आयोजित की जाएगी। केंद्रीय संस्कृति और पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने आज नई दिल्ली में एक कार्यक्रम के दौरान यह जानकारी दी। श्री शेखावत ने बताया कि भारत में यह पहला अवसर होगा, जब भगवान बुद्ध के इन पवित्र अवशेषों को उनके मूल भंडार से बाहर लाकर सार्वजनिक दर्शन के लिए रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि बुद्ध की अहिंसा और करुणा की शिक्षाएं वर्तमान वैश्विक संदर्भ में अत्यंत प्रासंगिक हैं। 15 दिन के इस कार्यक्रम के दौरान अवशेषों के दर्शन के अलावा शोभायात्राएं, ध्यान सत्र, योग शिविर और अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित किए जाएंगे। इस आयोजन में विभिन्न देशों के प्रतिनिधि और बौद्ध धर्मगुरु हिस्सा लेंगे।

000

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन आगामी सत्ताइस अप्रैल को राजस्थान के दौरे पर रहेंगे। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने के बाद अपने पहले प्रवास के दौरान श्री नवीन प्रदेश के सात नए जिला कार्यालयों का उद्‌घाटन करेंगे। मुख्य कार्यक्रम टोंक में आयोजित होगा। इस दौरान वे जालोर भाजपा कार्यालय का शिलान्यास भी करेंगे। श्री राठौड़ ने बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रदेश मुख्यालय में पार्टी पदाधिकारियों और कोर कमेटी की बैठक लेकर संगठनात्मक विषयों पर मार्गदर्शन देंगे।

000

हनुमानगढ़ जिले में कल एचपीवी टीकाकरण का विशेष अभियान आयोजित किया जाएगा। जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग की ओर से चलाए जाने वाले इस अभियान के तहत बच्चियों को सर्वाइकल कैंसर से बचाने के लिए 14 से 15 वर्ष आयु वर्ग की किशोरियों का निःशुल्क टीकाकरण किया जाएगा। इसी सिलसिले में आज टिब्बी स्थित राजकीय महात्मा गांधी विद्यालय में ब्लॉक मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर रीतिका पारिक ने छात्राओं को इस घातक वायरस से बचाव और टीके के महत्व की जानकारी दी। उन्होंने आमजन से अपील की है कि वे अपनी बेटियों का टीकाकरण अवश्य करवाएं।

-------------

000

प्रदेश में राष्ट्रीय पोषण पखवाड़े के तहत आज विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। इसी कड़ी में डीग जिले के आंगनबाड़ी केंद्रों पर गर्भवती महिलाओं और बच्चों को कुपोषण मुक्त रखने के लिए विशेष अभियान चलाया गया। महिला पर्यवेक्षक अपर्णा पाराशर ने बताया कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए संतुलित आहार और समय पर टीकाकरण बहुत ज्यादा है। उन्होंने बेहतर पोषण के जरिए महिलाओं को एनीमिया जैसी बीमारियों से बचने की सलाह दी।

-------------

उधर, पाली जिले में आज आठवें पोषण पखवाड़े का समापन हुआ। इस अवसर पर विशेष रंगोली के माध्यम से स्वच्छता और संतुलित आहार का संदेश दिया गया।

000

प्रदेश के विभिन्न जिलों में आज सरकारी योजनाओं और स्कूलों में मिड–डे–मील व्यवस्था का जायजा लेने के लिए निरीक्षण अभियान चलाया गया। भरतपुर जिला कलक्टर कमर चौधरी ने बांसी और महुआ के सरकारी स्कूलों का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने विद्यार्थियों को परोसे जा रहे भोजन को स्वयं चखकर गुणवत्ता को परखा। श्री चौधरी ने शिक्षकों को निर्देश दिए कि बच्चों की

शिक्षा के साथ उनके पोषण पर भी ध्यान दिया जाए। उन्होंने बालिकाओं की सुरक्षा के लिए उन्हें 'गुड टच और बैड टच' के प्रति जागरूक करने पर जोर दिया। उधर, जैसलमेर के फतेहगढ़ में उपखण्ड अधिकारी भारत गुर्जर ने विभिन्न स्कूलों का दौरा कर मध्याह्न भोजन और पन्नाधाय बाल गोपाल योजना की समीक्षा की। उन्होंने रसोईघर में साफ–सफाई और खाद्य सामग्री के रखरखाव का जायजा लिया।

000

सवाईमाधोपुर जिले में 'टीबी मुक्त भारत अभियान' का दूसरा चरण कल से शुरू किया जाएगा। इसके अंतर्गत ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के संवेदनशील समूहों में संभावित रोगियों की पहचान कर उनका उपचार सुनिश्चित किया जाएगा। अभियान को जन आंदोलन बनाने के लिए कल होने वाली ग्राम सभाओं में टीबी उन्मूलन पर विशेष चर्चा होगी और ग्रामीणों को 'निक्षय शपथ' दिलाई जाएगी।

000